हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 24 जनवरी 2024

04 'जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों का प्राथमिकता से करें ...



07 पर्यटन स्थल टेकापार मढ़ई में भी राम जन्म भूमि प्राण...





### होमस्टे से बदलेगा ग्रामों का स्वरूप, ग्रामीणों को मिलेगा रोजगार

# पर्यटन की होमस्टे परियोजना से ग्रामीणों का सुधरेगा जीवन स्तर

**जिले में प्रकृति के सौंदर्य का आनंद लेने एवं पुराकालीन संस्कृति से जोड़ने पर्यटकों के लिए मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड होमस्टे योजना संचालित कर रहा है. जिसमें जिले में 11 होमस्टे तैयार किए जा रहे हैं। इन होमस्टे में आने वाले सैलानियों को ग्रामीण परिवेश के साथ भारतीय संस्कृति परंपराओं और मिट्टी के चूल्हे पर बने भोजन का आनंद भी मिलेगा।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम जिले के मढ़ई पर्यटन स्थल से 7 किलोमीटर दूरी पर छेड़का ग्रामीण पर्यटन ग्राम में जल्द ही जिला प्रशासन द्वारा पहले होमस्टे का शुभारंभ किया जाना है। नर्मदापुरम जिले के समीप सोहागपुर तहसील में ग्राम छेड़का और ढाबा में होमस्टे के निर्माण कराए जा रहे हैं। छेड़का ग्राम में 7 और ढावा में 4 होमस्टे बनाने की शुरुआत हो चुकी है, ओर सभी होमस्टे प्रगतिशील हैं।



यहां पर्यटन स्थल पर आने वाले पर्यटक प्रकृति के साथ प्रदेश की संस्कृति और स्थानीय व्यंजन का आनंद लेंगे। होमस्टे की योजना को भारतीय संस्कृति परंपरा और स्थानीय खानपान आदि का अनुभव प्रदान करना है. यात्रियों और पर्यटकों को ठहरने के लिए स्वच्छ सुंदर और किफायती स्थान उपलब्ध कराना है , देश विदेश के पर्यटकों,अतिथियों की संख्या में वृद्धि करने और स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए संचालित किया जा रहा है। यहां हर प्रकार का पर्यटन होने की वजह से पर्यटक ज्यादा संख्या में आते हैं। इसके अलावा यह स्थान ऐसे हैं जिसके आसपास सैलानियों के लिए बहुत कुछ है पर और इनमें से अधिकांश स्थान अभी भी पर्यटन के नक्शे पर नहीं आ सके हैं। यहां होम स्टे शुरू होने पर न केवल ग्रामीणों को रोजगार मिलेगा बल्कि पर्यटक भी यहां की संस्कृति को जान सकेंगे और यहां की आदिवासी कलाओं को भी बढ़ावा मिलेगा।

मध्यप्रदेश पर्यटन बोर्ड के द्वारा ग्रामीण पर्यटन परियोजना के अंतर्गत नर्मदापुरम जिले में छेड़का ,ढाबा,उर्दन गांव में होमस्टे बनाने के साथ आदिवासी जनजाति का संस्कृति परंपरा का प्रचार प्रसार के साथ ग्रामवासी को रोजगार से जोड़ने का पहल इंडियन ग्रामीण सर्विसेज के द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से किया जा रहा है छेड़का सतपुडा के घने जंगल मे प्राकृतिक संदर्भ से भरा 300 वर्ष पुराना गौंड जनजाति का गांव है। जिला प्रशासन के सहयोग से इंडियन ग्रामीण सर्विसेज के द्वारा किया जा रहा है। डंडा एवं सेतम नृत्य इसका परंपरा गत नृत्य है। देसी एवं विदेशी पर्यटक को इस पर्यटन गांव में बैलगाड़ी पर घूमने के साथ-साथ परंपरागत व्यंजन का स्वाद, चक्की ओखली से दाल गेहूं पीसना का ग्रामीण अनुभव एवं डंडा सेतम नृत्य के माध्यम से मनोरंजन किया जाएगा। जिसके माध्यम से छेडका ग्रामीण पर्यटन समिति के द्वारा गाइड, बैलगाड़ी चालक, नृत्य परिवेश एवं होमस्टे के द्वारा ग्रामीण लोगों को रोजगार मिल पाएगा। मढ़ई आने वाली पर्यटकों को जंगल सफारी के साथ ग्रामीण लोगों का जीवन जी के जीविका से वाकिफ होने का एक सुनहरा अवसर मिलेगा। इंडियन ग्रामीण सर्विसेज के अर्चना दास ने बताया कि ग्रामीण पर्यटन को अच्छी तरह से संचालित करने के लिए पर्यटन समिति का गठन किया गया है एवं समिति का सदस्य को विभिन्न प्रकार के कौशल प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिसके माध्यम से किस प्रकार के पर्यटन गांव का प्रचार प्रसार किया जा पाए एवं पर्यटक को एक अच्छा सा अनुभव मिल पाए, इसी सम्बन्ध में निरंतर प्रशिक्षण एवं बैठक की जा रही है। आज के इस माहौल में शहर की भीड़ भाड़ से लोग थोड़ा शांति में समय गुजारने के लिए मौका ढूंढते रहते हैं जिसका एक अच्छा जरिया ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए है जिसके माध्यम से ग्रामीण लोगों को रोजगार से जोड़ा जा सकेगा एवं जंगल परिवेश की सुरक्षा में उनकी भागीदारी बढ़ेगी जो कि भविष्य में एक दायित्ववान पर्यटन को बढ़ावा देगा। जिला पुरातत्व पर्यटन एवं संस्कृति परिषद के परियोजना प्रबंधक मनोज सिंह ठाकुर ने बताया कि जिला प्रशासन के द्वारा जिले में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कई कार्ययोजना संचालित हो रही हैं जिसमें से ग्रामीण पर्यटन एक अनोखी परियोजना है।



# दीपों से आलोकित हुआ नर्मदापुरम जिला, घर-घर जलाए गए दीपक

### हजारों दीपकों से जगमगाया नर्मदा तट का पावन सेठानी घाट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

अयोध्या के भव्य मंदिर में सोमवार को भगवान रामलला विराजे। इस रामोत्सव को संपूर्ण जिले में दीपावली की तरह मनाया गया। लोगों द्वारा अपने अपने घरों दीप जलाएं गए। घर-घर दीपों से नर्मदापुरम जिला आलोकित हुआ। जिले का पावन सेठानी घाट भी हजारों दीपकों से जगमगाया। जगह जगह आतिशबाजी की गई। सेठानी घाट पर भगवान रामलला प्राण प्रतिष्ठा समारोह अंतर्गत भजन संध्या का आयोजन किया गया। जिसमें सुप्रसिद्ध गायिका इशिता विश्वकर्मा द्वारा एक से बढ़कर एक रामभजनों की सुमधुर प्रस्तुतियां दीं। समारोह में कारसेवकों का सम्मान भी किया गया। इस अवसर पर विधायक नर्मदापुरम डॉ सीतासरन शर्मा, नगर पालिका



अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव, पूर्व विधायक गिरिजा शंकर शर्मा, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष भवानी शंकर शर्मा, पीयूष शर्मा तथा कलेक्टर सोनिया मीना, पुलिस अधीक्षक डॉ गुरकरन सिंह , जिला पंचायत सीईओ एसएस रावत सहित अन्य अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहें।

# रक्तदान महादान, सभी अपनी सक्रिय सहभागिता निभाएं : कलेक्टर मीना

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

रक्तदान महादान है, जीवनदान है। सभी नागरिक रक्तदान में अपनी सक्रिय सहभागिता निभाएं। साथ ही रक्तदान के प्रति फैली भ्रांतियों को दूर कर अन्य लोगों को भी इस पुनीत कार्य के प्रति प्रेरित करें। यह बात कलेक्टर सोनिया मीना ने मंगलवार को जिले की तहसील माखननगर के ग्राम बछवाडा में आयोजित रक्तदान शिविर में कहीं। उन्होंने कहां की एक स्वस्थ व्यक्ति निर्धारित समय समय पर रक्तदान कर सकता है। जिससे किसी भी प्रकार की कमजोरी नहीं आती हैं। रक्तदान से कमजोरी आती है, इस प्रकार की भ्रांतियों को जड़ से मिटाएं। उन्होंने कहा कि गंभीर दुर्घटना से ग्रस्त व्यक्ति, सिकालसेल एनीमिया के मरीज , गर्भवती महिलाओं को प्रसव के दौरान आवश्यकता पड़ने पर तथा अन्य जरूरतमंदों को रक्त की आपूर्ति ब्लड बैंक द्वारा की जाती है। रक्त की पर्याप्त उपलब्धता के लिए सभी महिलाएं एवं पुरुष




सकारात्मक सोच के साथ रक्तदान करें। कार्यक्रम में अध्यक्ष रेड क्रॉस सोसाइटी चंद्रगोपाल मलैया ने भी संबोधित कर सभी को रक्तदान के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में दिव्यांग राजू मीना को रक्तदान कर प्रेरक की भूमिका निभाने के लिए सम्मानित भी किया गया।

शिविर में लगभग 30 यूनिट ब्लड एकत्रित किया गया। वरिष्ठ डॉ राजेश महेश्वरी ने ग्रामीणों को बताया कि जिले में गंभीर बीमारियों से संबंधित मरीजों और दुर्गाघटनाग्रस्त व्यक्तियों को ब्लड की आवश्यकता होती हैं। जरूरतमंदो को समय पर ब्लड उपलब्ध हो सके, इस उद्देश्य से रेडक्रॉस सोसाइटी द्वारा निरंतर रक्तदान शिविरों का आयोजन किया जाता है। उन्होंने बताया कि विगत अप्रैल 2023 से जनवरी 2024 तक कुल 37 ब्लड कैंप का आयोजन किया गया है जिससे 757 यूनिट ब्लड एकत्रित किया गया है। साथ ही 932 लोगों को निशुल्क भी ब्लड उपलब्ध कराया गया है। जिसका पूरा रिकॉर्ड जिला रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा संधारित किया जाता है। इस अवसर पर केशव साहू, मुकेश श्रीवास्तव गौरव सेठ, नीरजा फौजदार, ग्राम बछवाड़ा के सरपंच हेमराज साहू, अरविंद साहू, चंद्रकांत मीना, ग्राम आरी से पूर्व सरपंच बालकदास यादव भी उपस्थित रहे।

# कलेक्टर ने तहसील कार्यालय माखन नगर का किया औचक निरीक्षण

### राजस्व प्रकरणों के निराकरण में प्रगति लाने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कलेक्टर सोनिया मीना ने मंगलवार को तहसील कार्यालय माखननगर का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने यहां न्यायालय तहसीलदार का निरीक्षण कर राजस्व प्रकरणों के निराकरण की स्थिति देखी। इस दौरान उन्होंने स्वामित्व योजना के क्रियान्वयन की भी विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने तहसीलदार माखननगर को निर्देशित किया कि राजस्व प्रकरणों के निराकरण में प्रगति लाएं। राजस्व महा अभियान अंतर्गत दर्ज प्रकरणों का भी समय सीमा में निराकरण सुनिश्चित कराएं।

उन्होंने स्वामित्व योजना के तहत ग्राउंड ट्रुथिंग से लेकर अधिकार अभिलेख प्रकाशन तक की सभी कार्रवाई निर्धारित समयसीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि योजना के तहत नक्शे निर्धारित मानकों के अनुसार तैयार किए जाएं। तहसीलदार स्वयं भी तैयार नक्शों की जांच करें। उन्होंने कहा कि राजस्व प्रकरणों के निराकरण की निरंतर मॉनिटरिंग करें। तहसील कार्यालय में मॉनिटरिंग के लिए कंट्रोल रूम भी



संचालित किया जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि पटवारियों की निरंतर बैठक आयोजित कर उनके कार्यों की समीक्षा करें। कम प्रगति वाले पटवारियों की विशेष रूप से सतत मॉनिटरिंग की जाए। इस दौरान कलेक्टर ने तहसील कार्यालय आए लोगों की समस्याएं सुनी और उनका निराकरण के निर्देश अधिकारियों को दिए। इस दौरान तहसीलदार माखननगर सुनील ग्रेवाल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### भगवान श्रीराम की झांकी प्रस्तुत की



**नर्मदापुरम।** रामलला प्राण प्रतिष्ठा रघुवंशी समाज का गौरव के पल के अवसर पर रघुवंशी समाज द्वारा बांद्राभान में आयोजन किया गया। इस दौरान रघुवंशी परिवार के बच्चों द्वारा भगवान श्रीराम की झांकी प्रस्तुत की।

### जिला स्तरीय कार्यक्रम नर्मदा महाविद्यालय में आज

**नर्मदापुरम।** राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर 24 जनवरी को जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन दोपहर 2 बजे से शासकीय नर्मदा महाविद्यालय में किया जाएगा। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास नर्मदापुरम ने उक्त जानकारी देते हुए बताया है कि राष्ट्रीय बालिका दिवस कार्यक्रम में बालिका के स्वास्थ्य, सुरक्षा, शिक्षा एवं सम्मान के लिए उक्त एक दिवसीय जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

### उपभोक्ता संरक्षण के क्षेत्र में राज्य एवं संभाग स्तरीय पुरस्कार योजना

**नर्मदापुरम।** उपभोक्ता संरक्षण के क्षेत्र में राज्य एवं संभाग स्तरीय पुरस्कार योजना के तहत उपभोक्ता जागरूकता को प्रोत्साहित किये जाने के उद्देश्य से राज्य में प्रतिवर्ष विश्व उपभोक्ता दिवस 15 मार्च को आयोजन किया जाता है, जिसमें उपभोक्ता क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले स्वैच्छिक उपभोक्ता संगठन, व्यक्ति को राज्य एवं संभाग स्तरीय पुरस्कार प्रदान किए जाते हैं। जिला आपूर्ति नियंत्रक नर्मदापुरम ने उक्त जानकारी देते हुए प्रविष्टियां आमंत्रित की है।

### जनसुनवाई में कलेक्टर सोनिया मीना ने 73 आवेदनों पर की सुनवाई

# 'जन समस्याओं का शीघ्र निराकरण समय पर किया जाए'

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

मंगलवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर सोनिया मीना ने 73 आवेदनों पर सुनवाई की और प्राप्त आवेदनों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने जनसुनवाई में लंबित जनसुनवाई के प्रकरणों की भी विभागवार समीक्षा की। जनसुनवाई में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एसएस रावत सहित सभी विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे। जनसुनवाई में इटारसी निवासी 75 वर्षीय बुजुर्ग रामाधार कुशवाहा ने कलेक्टर को बताया कि उनके पास दो रहवासी मकान है।

जिस पर उनकी बेटियों ने कब्जा कर उन्हें घर से बाहर निकाल दिया है। वर्तमान में वे किराए के मकान में रह रहे हैं। उनकी



आर्थिक स्थिति भी ठीक नहीं हैं। जिस पर कलेक्टर ने एसडीएम इटारसी को माता-पिता भरण पोषण अधिनियम के तहत शीघ्र कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार जनसुनवाई में इटारसी निवासी शमशाद बेगम ने बताया कि उनके पुत्र की कान की समस्या है। जिसमें चिकत्सक द्वारा विशेष प्रकार की कान की मशीन लगाने के लिए कहा है। उनकी आर्थिक स्थिति भी कमजोर जिससे वे कान की मशीन लेने में समर्थ नहीं हैं।

जिस पर कलेक्टर ने आवेदक को आयुष्मान योजना के तहत लाभान्वित करने और रेडक्रॉस से आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में सोहागपुर निवासी कृषक आजाद सिंह



ठाकुर ने सेवा सहकारी समिति करणपुर के समिति प्रबंधक द्वारा अनियमिताएं बरतने एवं किसानों को परेशान करने की संबंध में शिकायत की। जिस पर कलेक्टर सुश्री मीना ने उपायुक्त सहकारिता को आवेदन की जांच कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में तहसील पिपरिया गोविंद प्रसाद राय ने बताया कि उन्होंने ट्रैक्टर के लिए ऋण लिया था। वे लगातार ट्रैक्टर की किश्त समय पर भरते आ रहे हैं। बीच में उन्हें टीबी होने के कारण काफी पैसा बीमारी के इलाज में खर्च हुआ है। उन्हें किश्त जमा करने के लिए एक माह की रियायत दी जाए। जिस पर कलेक्टर ने जिला अग्रणी प्रबंधक को आवेदन पर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

# एसटीआर की डॉग स्क्वॉड टीम ने किया जागरूक

### देनवा बफर क्षेत्र में चलाया अभियान



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के क्षेत्र संचालक एल कृष्णमूर्ति के दिशा निर्देशन में एवं डीडी संदीप फैलोज के मार्गदर्शन में एवं बोरी अभयारण्य इटारसी के अधीक्षक विनोद वर्मा के कुशल नेतृत्व में डॉग स्क्वॉड टीम द्वारा देनवा बफर और सोहागपुर के पास अस्थाई डेरो की जांच की गई। डॉग टीना द्वारा देहला वाडी, कुर्सीढाना,अंजधना, बेलखेरी भूरा भगत, हाट बाजार झिरिया बेरियल आदि जगहों पर सर्चिंग कर जांच की गई।

आसपास के गांव वालों एवं किसानों को समझाइश दी गई। लाउड स्पीकर से वन्य प्राणियों के शिकार की रोकथाम हेतु प्रचार प्रसार एवं मुख्य तंत्र विकसित किया गया।

## खबर संक्षेप

### छात्रवृत्ति व आवास एप्लाई 31 तक

**सीहोर।** शैक्षणिक 2023-24 के लिए MPTAASC पोर्टल पर अनुसूचित जाति और जनजाति पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति एवं आवास एप्लाई एवं डाटा अपलोड के लिए पूर्व में निर्धारित तिथि 31 दिसंबर 2023 से बढ़ाकर 31 जनवरी 2024 कर दी गई है। संस्था में अध्ययनरत कोई भी विद्यार्थी छात्रवृत्ति आवेदन से वंचित न रहे और अंतिम तिथि तक सभी विद्यार्थी डाटा अपलोड करें। यदि निर्धारित समय-सीमा के बाद कोई भी विद्यार्थी आवेदन करने से छूट जाता है तो इसकी संपूर्ण जवाबदारी संबंधित संस्था एवं विद्यार्थी की होगी।

### गणतंत्र दिवस समारोह में होंगे सम्मानित

**सीहोर।** शासकीय कार्यालयों में अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा उत्कृष्ट कार्य किया गया है तो शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं के क्रियान्वयन में विशिष्ट योगदान दिया हो ऐसे अधिकारी एवं कर्मचारियों को गणतंत्र दिवस 26 जनवरी समारोह में सम्मानित किया जाएगा। संयुक्त कलेक्टर कलेक्ट्रेट ने इस आशाय का पत्र सभी विभाग प्रमुखों को भेज कर निर्देश दिए हैं कि वे ऐसे अधिकारी एवं कर्मचारी की सूची 24 जनवरी तक उपलब्ध कराएं।

### राज्य स्तरीय पुरस्कारों के लिए 25 जनवरी तक आवेदन आमंत्रित

**सीहोर।** महिला-बाल विकास विभाग द्वारा नारी सशक्तिकरण के लिये समाज सेवा, महिला सुरक्षा के लिए वीरता तथा साहसिक कार्यों के लिए व्यक्तिगत, संस्थागत और सामाजिक कार्यों को प्रोत्साहित करने के लिए 6 राज्य स्तरीय पुरस्कार प्रदान किए जाते है। पुरस्कारों के लिए 25 जनवरी 2024 तक आवेदन आमंत्रित किए हैं।

### सीएम हेल्पलाइन के निराकरण में ए ग्रेड अनिवार्य: कलेक्टर

# ‘जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों का प्राथमिकता से करें निराकरण’

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारनी

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी ने राजस्व अधिकारियों से कहा कि राजस्व महा अभियान में प्राथमिकता के साथ आवेदकों की शिकायतों का गंभीरता पूर्वक निराकरण करें।

उन्होंने कहा कि संभागीय आयुक्त भी राजस्व अभियान की समीक्षा के लिए औचक निरीक्षण पर निकल जाते हैं। लापरवाही के कारण आयुक्त ने कुछ लोगों को निलंबित भी किया है। उन्होंने कहा कि जिले में ऐसी कार्रवाई होती है तो मैं भी कड़ी कार्रवाई ही करूंगा। आप लोग समय सीमा में प्राथमिकता से काम करें। कलेक्टर श्री सूर्यवंशी जनसुनवाई में वर्चुअली भी जिले के सभी अधिकारियों के साथ चर्चा कर रहे थे। श्री सूर्यवंशी ने कहा कि मैं शीघ्र ही राजस्व महा अभियान के अंतर्गत किए गए लंबित कार्यों की समीक्षा करूंगा। इसके साथ ही टीएल प्रकरणों में प्राप्त शिकायतों के निराकरण की समीक्षा भी शीघ्र प्रारंभ होगी।



#### मुख्यमंत्री कन्या विवाह की राशि

जनसुनवाई में आमला के रानीडोंगरी निवासी जयंत इवने ने आवेदन दिया कि उनकी शादी भावना के साथ 2 मई 2013 को मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत हुई थी। शादी के समय उनकी उम्र 22 वर्ष और पत्नी की उम्र 20 वर्ष थी।योजना के अंतर्गत मिलने वाली राशि रुपए 49 हजार उन्हें अभी तक नहीं मिल सकी है।जबकि उनकी शादी पात्र सूची में दर्ज है।जनपद आमला द्वारा भी कार्रवाई ना करते हुए अपात्र बताया गया है।कलेक्टर ने जनपद आमला को विधिवत निराकरण के निर्देश प्रदान करें।

#### सीएम हेल्पलाइन निराकरण में ए ग्रेड अनिवार्य

*कलेक्टर ने कहा कि फरवरी माह से मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों की समीक्षा की जाएगी। समीक्षा समक्ष में और वर्चुअली भी करूंगा।उन्होंने शिकायतों के निराकरण का लक्ष्य निर्धारित किया है। 5 तारीख तक 70 प्रतिशत,10 तारीख तक 75 प्रतिशत,15 तक 80 प्रतिशत और 20 तारीख 85 प्रतिशत तक शिकायतों की निराकरण का लक्ष्य रखें।राजस्व विभाग के लिए विशेष रूप से 10 तारीख तक 85 प्रतिशत निराकरण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।*

### तहसील स्तर पर प्रारंभ हुई जनसुनवाई

## प्रथम दिन आए पांच आवेदन, मुलताई पहुंचे डिप्टी कमिश्नर

**मुलताई।** जिला कलेक्टर के आदेश अब मुलताई तहसील कार्यालय एवं जनपद कार्यालय में मंगलवार जनसुनवाई हो सकेगी आज प्रथम दिन हुई जन सुनवाई में राजस्व संबंधित तीन एवं जनपद कार्यालय में दो आवेदन पत्र प्राप्त हुए जिसमें एसडीएम और सीईओ ने समस्या सुनकर उन समस्याओं का जल्द से जल्द निराकरण करने का आश्वासन दिया। बैतूल जिला कलेक्टर के निर्देशानुसार तहसील और ब्लॉक स्तर पर भी जनसुनवाई के आयोजन से अब लोगों को स्थानीय स्तर पर भी समस्या का समाधान प्राप्त हो सकेगा।

**राजस्व महा अभियान का जायजा लेने पहुंचे डिप्टी कमिश्नर:** मुलताई तहसील कार्यालय में मंगलवार राजस्व महा अभियान का जायज़ा लेने के लिए होशंगाबाद से डिप्टी कमिश्नर गणेश जायसवाल मुलताई पहुंचे। जहां उन्होंने मुलताई क्षेत्र में चल रही राजस्व महा अभियान के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने बंटवारे सीमांकन आदि के निराकरण के आरआई , पटवारी को मौके पर पहुंचकर जल्द से जल्द निराकृत करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सीएम हेल्पलाइन में भी जल्द से जल्द समाधान उपलब्ध करवाया जाए। ताकि लोगों को परेशान ना होना पड़े। उन्होंने कहा कि कोई भी आवेदन अ पंजीकृत ना रहे, सभी आवेदनों को ऑनलाइन किया जाए। एसडीएम तृप्ति पटैरया ने बताया कि मुलताई में 277 और प्रभात पट्टन में 331 फौती के प्रकरण बी1 के वाचन के दौरान प्राप्त हुए हैं। वहीं बंटवारे और सीमांकन के आवेदन भी आए हैं। जिनका जल्द से जल्द निराकरण कराया जाएगा।



### स्वागतद्वार से हवाई पट्टी पहुंची शोभायात्रा

## डीजे और डीजे धमाल की धुन पर निकाली शोभायात्रा, जगह जगह हुआ पुष्पवर्षा से स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारनी

अयोध्या में प्रभु श्री राम की प्रतिमा का प्राण प्रतिष्ठा के पावन अवसर पर रामनवमी सेवा समिति के तत्वाधान में महावीर स्वामी वार्ड क्रमांक 36 बगडोना के स्वागतद्वार से लेकर हवाई पट्टी तक डीजे और डीजे धमाल की धुन पर राम भक्त के माध्यम से शोभायात्रा निकालने का कार्य किया गया।

यह शोभा यात्रा सोमवार को शाम 6:30 बजे बगडोना स्वागत द्वार से शुरू हुआ और रात 9 बजे हवाई पट्टी पर पहुंची या शोभा यात्रा के पहुंचते ही डेढ़ घंटे तक आतिशबाजी का दौर चलता रहा 10:30 बजे के लगभग आतिशबाजी समाप्त हुई और प्रसाद वितरण के बाद रामनवमीसेवा समिति के तत्वाधान आयोजित इस शोभा यात्रा का समापन किया गया।हालांकि इसके पूर्व प्रभु श्री राम की झांकी का निर्माण किया गया था और इस झांकी का उद्घाटन सारनी एसडीओपी रोशन कुमार जैन के माध्यम से किया गया।रामनवमी सेवा समिति के तत्वाधान में आयोजित किए गए इस शोभायात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा के साथ भव्य स्वागत किया गया। बगडोना में दीपावली के बाद प्रभु श्री राम की प्रतिमा के प्राण प्रतिष्ठा के समय दीपावली से भी बढ़कर दीपावली का माहौल निर्मित किया गया। रामनवमी सेवा समिति के तत्वाधान में एक घंटे 30 मिनट तक विभिन्न प्रकार की आतिशबाजी करने का कार्य किया गया।रामनवमी सेवा समिति के विजय यादव, प्रमोद दवाई,चेतन पवार, दशरथ सिंह जाट ने बताया कि प्रभु श्री राम की प्रतिमा के प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन होने की वजह से संपूर्ण क्षेत्र में दीपावली का माहौल बनाने का कार्य किया गया। इस अवसर पर नरेश लोखंडे,राहुल सतीजा,रवि देशमुख, राजेंद्र चौराहे ने बताया कि सन 1528 से लेकर 2024 तक लगभग 496 वर्ष के लंबे अंतराल के बाद प्रभु श्री राम की प्रतिमा की स्थापना श्री राम मंदिर प्रांगण में की गई है इस वजह से संपूर्ण देश में उत्साह का माहौल व्याप्त था इसी तारतम्य में बगडोना के स्वागत द्वार से लेकर हवाई पट्टी तक शोभायात्रा निकालने का काम किया गया है इस शोभा यात्रा में बड़ी संख्या में महिला पुरुष और व्यापारी उपस्थित रहे।शोभा यात्रा में उपस्थित हुए महिला पुरुष का आभार शैलेंद्र पांडेया,बाबा निरापुरी के माध्यम से व्यक्त करने का कार्य किया गया।

### निमोनिया से बचाव व उपचार की दी सलाह

**सीहोर।** बदलते मौसम में बच्चों में निमोनिया के लक्षणों की पहचान एवं उसके उपचार एवं प्रबंधन के लिए स्वास्थ्य विभाग ने आम जनों को सलाह दी है कि निमोनिया के आकलन, निमोनिया का वर्गीकरण, खतरनाक लक्षणों के चिन्हों की पहचान, समुदाय आधारित निमोनिया का प्रबंधन, उपचार एवं रेफरल के संबंध में मैदानी कार्यकर्ताओं को जानकारी दी गई। स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि बदलते मौसम में बच्चों को निमोनिया के लक्षणों की पहचान एवं उसके उपचार एवं प्रबंधन के लिए विभाग तैयार है। जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र की एएनएम को निमोनिया के संबंध जानकारी दी।

### कलेक्टर के अभियान से मुक्त हो रहा अतिक्रमण

## अतिक्रमणकारियों पर चला प्रशासन के जेसीबी का पंजा, सड़क हुई चौड़ी, आवागमन होगा सुलभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ आमला

जिला कलेक्टर नरेंद्र सूर्यवंशी के आने बाद मानो जैसे अतिक्रमण करने वालो को बख्शा नही जा रहा हैं। जिले में चल रही अतिक्रमण हटाओ मुहिम में प्रशासन ने लाखों करोड़ों की जमीनें अतिक्रमण से मुक्त कराई है।लंबे समय के बाद ऐसी ताबड़तोड़ करवाई देखने को मिल रही हैं। आमला क्षेत्र में एयरफोर्स, राजस्व,नगरपालिका सहित अन्य विभाग पुलिस कि मौजूदगी में अतिक्रमण हटाने कि कार्यवाई की गईं हैं। गणेश लान के पास के लोगो ने रोड तक अपने मकान कि बाउंड्रीवाल बड़ा ली थी। जिससे लंबी सकड़ भी शकरी नजर आ रही आती है। प्रशासन ने लोगो के घरों के सीढ़िया भी तोड़े है जो कि अतिक्रमण के दायरे में बने थे। प्रशासन कि इस करवाई से लोगो ने अपने घरों और रोड पर जो अतिक्रमण फैला रखा था वो खुद हि हटा लिए थे।



#### अतिक्रमण हटाया

जनता को आवागमन सुलभ मिले इसलिए रोडो के आस-पास का अतिक्रमण हटाया है, यह कार्रवाई जारी रहेंगी। पक्के अतिक्रमण भी हटेंगे।

**शैलेन्द्र बड़ोनिया,** एसडीएम आमला।

#### बस स्टैंड से जनपद पर था ज्यादा अतिक्रमण

बोड़खी में चल रही अतिक्रमण कि करवाई आमला आने के पहले हि लोगो ने स्वयं अपने अतिक्रमण को हटा लिया है। लोगो ने रोड से सटके गुमठियां ,तिरपाल लगा रहे थे,जिसके चलते रोजाना आवागमन में नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रो के लोगो को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता था और बार बार जाम लगने की स्थिति भी बनती थी । अतिक्रमण कि वजह से लंबा चौड़ा रोड टू लेन भी वन लें बनके रह गया था। अब इससे निजात मिलेगी।

#### हटाए गए अतिक्रमण को करेंगे व्यवस्थित

जिन लोगो ने स्वेक्षा से अतिक्रमण हटाए हैं उनको प्रशासन के द्वारा जल्द हि एक निश्चित स्थान का चयन कर दुकान का संचालन करवाया जाएगा। जिसमे सबको नंबर वॉइस दुकाने दी जाएगी।

#### दोबारा नहीं कर पाएंगे अतिक्रमण

मिली जानकारी के अनुसार जो अतिक्रमण हटाया गया हैं। उसकी सतत मॉनिटरिंग भी प्रशासन के द्वारा कि जावेंगी जिसके चलते अब दुबारा उसी जगह पर अतिक्रमण करने कि कोई संभावना नही है। अगर कोई फिर से अतिक्रमण करता है तो उसकी जब्ती,जुर्माना,जैसी करवाई प्रशासन के द्वारा तत्काल कि जावेंगी।

#### स्थाई अतिक्रमण भी हटेगा

व्यापारी के द्वारा जो स्थाई पक्का अतिक्रमण किया है।वे भी प्रशासन के द्वारा चिंहित कर लिए है।जिनके ऊपर भी करवाई कि जाएगी और उनको अतिक्रमण से मुक्त किया जाएगा।

## नगर पालिका के दो कर्मचारी आपस में भिड़े

### मेले की व्यवस्था उत्तम रही लेकिन सुर्खियों में रहा कर्मचारियों का विवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारनी



नगर पालिका परिषद सारनी के माध्यम से 10 दिनों तक आयोजित किए जाने वाले श्री श्री 1008 बाबा मठारदेव मेला शांतिपूर्ण और व्यवस्थित रूप से समाप्त हुआ लेकिन दो नगर पालिका परिषद सारनी के कर्मचारियों का आपसी विवाद संपूर्ण नगर पालिका के कार्य प्रणाली पर भारी पड़ता दिखाई दे रहा है।

बताया जाता है कि भोजन को लेकर नियमित और दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों के बीच में विवाद हो गया था इसको लेकर सारनी थाने में सीखा शिकायत भी नियमित कर्मचारियों के माध्यम से की गई है। हालांकि इस मामले में मंगलवार को मुख्य नगर पालिका अधिकारी को नियमित कर्मचारियों के माध्यम से शिकायत देने के बाद इस मामले में दोनों ही कर्मचारियों को नगर पालिका में तलब किया गया है। हालांकि इस मामले में अभी तक क्या कार्रवाई की गई है यह स्पष्ट तो नहीं हो पाया है लेकिन नगर पालिका परिषद सारनी के दोनों कर्मचारियों के बीच में भोजन के पैकेट को लेकर विवाद होना बताया जा रहा है।आवक जावक में कार्य करने वाली हेमंत धोटे के साथ में दैनिक वेतन भोगी नवीन काजोड़े के माध्यम से विवाद और गाली-गैली किए जाने की सुर्खियां चार दिनों तक संपूर्ण मेले में घूमती रही लेकिन सोमवार को मेले का समापन होने के बाद मंगलवार को इस मामले को मुख्य नगर पालिका अधिकारी के द्वारा संज्ञान में लेकर शोकज-नोटिस सहित अन्य कार्रवाई किए जाने की संभावना व्यक्त की जा रही है।

#### पूछताछ होगी

नगर पालिका के नियमित एवं मस्टोल के कर्मचारियों के बीच विवाद होने की जानकारी मिली है। किस विषय को लेकर विवाद हुआ था उसको लेकर मंगलवार दोनों कर्मचारियों को कार्यालय में बुलाया गया है, उनसे पूछने के बाद ही झगड़े के कारणो का खुलासा हो पाएगा।

**सी के मेश्राम**
मुख्य नगर पालिका अधिकारी सारनी

#### नहीं हुआ है विवाद...

मेरा किसी कर्मचारी से विवाद नहीं हुआ है, मेरा नाम जबरन ही इस विवाद में घसीटा जा रहा है, जिस कर्मचारी से विवाद हुआ है वह नगर पालिका का नियमित कर्मचारी है और थोड़ा विवादी कर्मचारी है।

**किरण झारबडे,**
पार्षद वार्ड क्रमांक 4

## राममय हुआ कुबेरेश्वर धाम



**सीहोर।** भगवान श्रीराम के आगमन की खुशी में पूरा कुबेरेश्वरधाम राममय हो गया है। सोमवार को विठलेश सेवा समिति के तत्वाधान में यहां पर दोपहर में हजारों दीपों को प्रज्ज्वलित कर महाआरती की वहीं करीब 50 हजारों से अधिक श्रद्धालुओं को समिति के पदाधिकारियों ने प्रसादी ग्रहण कराई। सुबह से ही यहां पर मौजूद श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीराम और यहां पर स्थित बाबा की शीला का अभिषेक किया। अयोध्या में राम लला के विराजमान होने के मौके पर भागवत भूषण पंडित प्रदीप मिश्रा के निर्देशानुसार सुबह से ही यहां पर आने वाले श्रद्धालुओं को करीब पांच क्विंटल से अधिक हलवा की प्रसादी के अलावा 10 क्विंटल से अधिक आटे की चपती और सब्जी और खिचड़ी आदि का वितरण किया गया। जिला मुख्यालय के समीपस्थ चितावलिया हेमा स्थित निर्माणाधीन मुरली मनोहर एवं कुबेरेश्वर महादेव मंदिर में रामलला प्राण-प्रतिष्ठा की झलक देखने को मिलेगी। मंदिर में अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक भागवत भूषण पंडित प्रदीप मिश्रा के निर्देशानुसार कई कार्यक्रम कराए गए। पिछले दो दिनों से धाम पर श्रद्धालुओं के आने का क्रम शुरू हो गया था, रामलला उत्सव को लेकर मंदिर परिसर में रंग-बिरंगी रोशनी आदि की व्यवस्था की गई और दोपहर 12 बजे के बाद अयोध्या में प्राण-प्रतिष्ठा का कार्यक्रम पूरा हुआ तो यहां पर उत्साहित श्रद्धालुओं ने जोरदार आतिशबाजी और मिठाई का वितरण किया।

विठलेश सेवा समिति के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि सोमवार को सुबह बाबा की विशेष आरती की गई और उसके पश्चात भंडारे के अलावा दीपोत्सव का आयोजन किया। गत दिनों भागवत भूषण पंडित मिश्रा ने अपने संदेश में कहा कि अनोखे ढंग से इस दिन को मनाया जाएगा। ताकि हर व्यक्ति के मन में इस दिन के प्रति जोश और उत्साह बढ़े, इस पर काम किया जा रहा है। भगवान श्री राम हम सब के आदर्श हैं, 14 वर्ष के वनवास के बाद अयोध्या लौटने पर मनाई गई दीपावली की तर्ज पर 500 वर्षों के लंबे समय के बाद हो रही प्राण प्रतिष्ठा की खुशी में 22 जनवरी को घर-घर दीपावली मनाई जाए। श्रीराम के महत्व को लोगों को समझाया है। भगवान राम ने कई ऐसे महान कार्य किए हैं, जिसने सनातन धर्म को एक गौरवमयी इतिहास प्रदान किया है।

### 22 की बजाय 26 जनवरी को मेले का हो समापन

## बाबा मठारदेव मेले की तिथि आगे बढ़ाने की हो रही मांग

**सारनी।** श्रीश्री 1008 बाबा मठारदेव मेला नगर पालिका परिषद सारनी के माध्यम से 10 दिनों तक आयोजित किया जाता है इस मेले का समापन नगर पालिका परिषद सारनी के माध्यम से 22 जनवरी को शाम 5:30 बजे कर दिया जाता है।व्यापारियों के माध्यम से इस मेले की अवधि चार दिन और बढ़ाने की मांग की जाने लगी है।बताया जाता है कि व्यापारियों के माध्यम से अब चर्चा की जा रही है कि नगर पालिका परिषद सारनी के द्वारा जो मेला संचालित किया जाता है उसे मिल को 22 जनवरी से लेकर 26 जनवरी तक आयोजित किया जाना चाहिए।जिससे दूरदर्राज क्षेत्र से आने वाले व्यापारियों को इसका लाभ मिल सकेगा। व्यापारियों का कहना है कि प्रशासनिक महकमें के माध्यम से 22 जनवरी को मेल के समापन की घोषणा करने के बाद बिजली पानी जैसी सुविधा बंद कर दी जाती है।जिससे बाहरी क्षेत्र से आने वाले व्यापारियों को दुकान हटाने में 2 से 4 दिन का समय लग जाता है।जिसके कारण उन्हें खासी परेशानी उठानी पड़ती है यदि मेले की तिथि 22 जनवरी के बजाय 26 जनवरी को समापन करने की घोषणा की जाएगी तो दूरदर्राज क्षेत्र से आने वाले व्यापारियों को किसी भी तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा इसको लेकर व्यापारियों का एक प्रतिनिधि मंडल मुख्य नगर पालिका अधिकारी और नगर पालिका अध्यक्ष से मुलाकात करके पीआईसी एवं परिषद में चार दिनों तक मेली की तिथि बढ़ाने की मांग करेंगे, जिसे मिला 12 दिनों के बजाय 16 दिनों तक संचालित होगा।

### परिषद बैठक में नहीं पहुंचे 7 पार्षद, जताया विरोध

## नगर परिषद की बैठक में 19 प्रस्ताव पर की गई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई



वर्षा गडेकर के नगर पालिका अध्यक्ष मनोनयन के बाद हुई प्रथम परिषद बैठक में नगर के महत्वपूर्ण 19 मुद्दों पर चर्चा हुई और अनेक प्रस्ताव पारित किए गए जिसमें ताप्ती महालोक का डीपीआर बनाना , नगर से सांडिया तक ताप्ती माहालोक के अंतर्गत 5 बेराज, भक्त निवास, भोजन शाला, गार्डन, स्वास्थ्य सुविधा और ओडिटेरियम हाल, पार्किंग की व्यवस्था शामिल है इसके अलावा वर्तमान मटन मार्केट को पवित्र नगरी में शामिल कर मांस मछली बाजार को कब्रिस्तान के पास चील घर के समीप ले जाकर बाजार के लिए भवन निर्माण करना वर्तमान भवन को हटाकर यहां कम्युनिटी हॉल का निर्माण करना शामिल है।

**परिषद बैठक में शामिल नहीं हुए कांग्रेस के पार्षद:** इस नगर परिषद की बैठक का उल्लेखनीय पहलू यह है कि इसमें कांग्रेस के सात पार्षदों ने हिस्सा नहीं लिया। पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष नीतू परमार का कहना था कि जब बैठक का कोरम ही पूरा नहीं हुआ तो प्रस्ताव पारित होने का सवाल ही नहीं उठाता और बैठक के 7 दिन पहले एजेंडा तय होता है अभी ऐसी क्या इमरजेंसी थी की आनन फानन में परिषद बैठक बुलानी पड़ी बैठक नियम विरुद्ध बुलाई गई इसलिए हम इस बैठक में शामिल नहीं हुए। इधर नगर पालिका अध्यक्ष वर्षा गडेकर का कहना है कि उन्हें अगर मुद्दों का विरोध करना था तो बैठक में शामिल होते इसमें मजदूरो के भुगतान संबंधित प्रस्ताव भी शामिल थे परिषद की बैठक में शामिल नहीं होने का मतलब है कि उन्हें कर्मचारियों के हितो से भी कोई मतलब नहीं है।

#### स्वच्छता के लिए लगेंगे अलग से पैसे, रोड पर कचरा डालने वालों पर होगा फाइन

स्वच्छता के लिए अब अलग से सालाना 120 रुपए घरेलू और 240 रुपए व्यसायिक लिए जाएंगे, जबकि कचरा फैलाने वाले गंदगी करने वालो से 500 से 1000 रुपए जुर्माना वसूला जाएगा। परिषद बैठक में जो आज निर्णय लिए गए हैं जिसके तहत कन्या शाला वाली जगह पर शापिंग कांप्लेक्स और डेकड़े वाले स्कूल के पास भक्त निवास बनाया जाएगा। पार्किंग स्थल पर फ्रूट मार्केट, ई लाइब्रेरी के पास मेकेनिक एरिया बनाए जाने पर सहमति बनी।

### राम जन्मभूमि स्थल पर निर्माणाधीन अब राम मंदिर का चित्र अंकित करवाया गया

# पर्यटन स्थल टेकापार मढ़ई में भी राम जन्म भूमि प्राण-प्रतिष्ठा समारोह हुआ आयोजित

नगर से 20 किलोमीटर दूर सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के पर्यटन स्थल स्थित ग्राम टेक पार मढ़ई स्थित दिव्य संकट मोचन 64 योगिनी राजुल देव सरकार धाम में राम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा समारोह के अवसर पर विगत दिवस 22 जनवरी 2024 को दिन में हनुमान चालीसा सुंदरकांड का पाठ किया गया एवं रात्रि में भजन संध्या का आयोजन किया गया।



हरिभूमि न्यूज ⏭ सेमरीहरचंद

कार्यक्रम में जिले के नामी भजन मंडलों द्वारा भगवान श्री राम के मधुर भजनों की प्रस्तुति दी गई एवं राजुल देव धाम टेका पार के सिद्ध सेवक भूरेलाल महाराज द्वारा विशेष टोपिया बनवाई गई जिनमें अयोध्या स्थित निर्मित राम मंदिर का चित्र अंकित है उन्होंने बताया कि ग्राम मोकलवाड़ा एवं भोपाल में भी उन्होंने इस तरह की टोपियां श्रद्धालुओं को सर पर लगाने के लिए दी हैं इसका उद्देश्य यह है कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम लला के जन्म स्थान के मंदिर की जानकारी अधिक से अधिक भारतीयों तक पहुंचे एवं मंदिर का प्रचार प्रसार हो टेका पार मढ़ई स्थित राजुल देव सरकार धाम में मां वैष्णो भजन मंडल सिंगोड़ी बजरंग मंडल बारछी बनखेड़ी सरस्वती मॉडल हीरापुर सुहागपुर आदि मंडलों ने शानदार भजनों के माध्यम से ग्राम वासियों का मनोरंजन किया एवं मढ़ई में भक्ति में वातावरण निर्मित कर दिया कार्यक्रम का संचालन विशिष्ट भजन प्रेमी गोपाल मेहरा सेमरी हरचंद द्वारा किया गया इस अवसर पर कार्यक्रम के अंत में राजल देव धाम के सिद्ध सेवक भूरे लाल जी महाराज द्वारा सभी भजन मंडलों को पारितोषिक प्रदान किये गए। इस अवसर पर पूर्व सरपंच सातवासा उदय शंकर मेहरा पूर्व सरपंच प्रतिनिधि जमुनिया सुरेश कोरी राजू ठेकेदार एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

# जिले में शांतिपूर्ण व सुव्यवस्थित ढंग से बोर्ड परीक्षाओं का आयोजन किया जाए: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जिले में 5 फरवरी व 6 फरवरी से 10वीं, 12वीं एवं अन्य व्यावसायिक परीक्षाएं शुरू होने जा रही है। 10 वी में नियमित 15376 और स्वाध्यायी 1460 तथा 12 वी में नियमित 11135 और प्राइवेट 1799 विद्यार्थी शामिल होंगे। जिले में बोर्ड परीक्षा की तैयारीयों के संबंध में मंगलवार को कलेक्टर सोनिया मीना की अध्यक्षता में नर्मदा महाविद्यालय में परीक्षा केंद्र अध्यक्ष ,सहायक केंद्र अध्यक्ष एवं कलेक्टर प्रतिनिधियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एसएस रावत एवं शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित रहें। बैठक में कलेक्टर सोनिया मीना ने कहां कि जिले में शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से बोर्ड परीक्षाओं का आयोजन किया जाए। सभी केंद्र अध्यक्ष एवं सहायक केंद्र अध्यक्ष माध्यमिक शिक्षा मंडल के दिशा निर्देशों का गंभीरता से पालन करें। उन्होंने कहा कि परीक्षाओं के नजदीक आने के साथ ही सोशल मीडिया पर विद्यार्थियों से धोखाधड़ी करने वाले कई ग्रुप सक्रिय हो जाते है। यह ग्रुप झूठी जानकारी देकर भ्रम की स्थिति पैदा करते है। भ्रामक जानकारी फैलाने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने के साथ जागरूकता अभियान भी चलाएं। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि केंद्रो पर विद्यार्थियों की सुविधाओं के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की जाए। गठित उड़नदस्ता दल निरंतर परीक्षा केंद्रो का निरीक्षण करते रहे।

केंद्रो पर मेडिकल व्यवस्था भी उपलब्ध रहें। उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल बोर्ड की 10वीं 12वीं एवं अन्य व्यावसायिक परीक्षाएं 5 फरवरी व 6 फरवरी को जिले के 75 परीक्षा केन्द्रों पर प्रारंभ होगी। बोर्ड परीक्षाओं के लिए जिले में निर्धारित 75 परीक्षा केन्द्रों के प्रश्न पत्र 5 फरवरी एवं 6 फरवरी को थाने से निकालने के लिए कलेक्टर ने कलेक्टरथाना प्रतिनिधि एवं परीक्षा दिवस पर थाने से प्रश्न पत्र निकालने एवं परीक्षा केन्द्रों तक सुरक्षित पहुँचाने के लिए कलेक्टर प्रतिनिधि नियुक्त किये गए है।

## अवैध शराब के विरूद्ध आबकारी व पुलिस की संयुक्त कार्रवाई

**पिपरिया।** नगर में एवं ग्रामीण क्षेत्र में अवैध शराब निर्माण एवं परिवहन संग्रहण तथा विक्रय को रोकने के उद्देश्य से जिला कलेक्टर सोनिया मीना के निर्देशन में जिला आबकारी अधिकारी के मार्गदर्शन में वैध मुद्रा बिक्री निर्माण परिवहन एवं संधारण के विरुद्ध अभियान चलाया गया। जिसमें अवैध संग्रह निर्माण परिवहन विक्रय को रोकने के उद्देश्य आपकारी विभाग एवं पुलिस प्रशासन की बड़ी कार्रवाई की गई। जिसमें अंबेडकर वार्ड पिपरिया में रायखेड़ी रोड पर कार्रवाई की। जिसमें 3645 किलो महुआ लहान 137 लीटर कच्ची शराब जप्त की गई। आबकारी व्रत अधिकारी निलेश पवार ने बताया कि आरोपियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत 14 प्रकरण पंजीबद्ध किए गए जब तबीयत सामग्री की अनुमानित कीमत 390000 है। इस कार्रवाई में कैलाश अखंड, योगेश महूके, बसंत पटेल, भैयालाल पटेल एवं सहित पुलिस दल उपस्थित रहा।

# रामलला प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर हिंदू उत्सव ने किए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

हिंदू उत्सव समिति सहित सामाजिक संगठनों एवं राजनीतिक संगठनों द्वारा मंगलवारा चौराहे पर रामलीला की प्रतिमा स्थापित कर विशाल गीत संगीत एवं आरती पूजन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर नगर को भगवा ध्वज से सजाया गया। विधायक ठाकुरदास नागवंशी द्वारा भी राजा राम की स्थापना पर चौराहे पर ठुमके लगाए गए।



हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष श्याम सुंदर सोनी, सचिन गिरधरमल एवं समिति के सभी सदस्य के साथ व्यापारी प्रकोष्ठ के भगवानदास अग्रवाल, जिला सतर्कता समिति सदस्य अरविंद राय, व्यापारीगण सहित किन्नर समाज के सहयोग से यादगार बना दिया। ग्राम पंचायत खिड़िया सरपंच खरगराम कुशवाहा, अशोक रघुवंशी, जमना रघुवंशी, सचिव महरवान सिंह एवं बीजनवाडा सरपंच माधुरी पंचम सिंह, खैरी कला सरपंच मुकेश रघुवंशी, माधव सिंह रघुवंशी, पुरुषोत्तम रघुवंशी, राजेश रघुवंशी मौजूद रहे। मोकलबाडा पंचायत में माधव सिंह रघुवंशी एवं ग्राम वासियों के द्वारा विशाल भजनों का कार्यक्रम तथा जगह-जगह भंडारी किए गए। इस तरह से अनिल को जगह भगवान की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा आयोजित हुई। कई जगह भंडारे के आयोजन भी हुए।

इस तरह से नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र में राजाराम के उत्सव को महोत्सव के रूप में बनाया गया। जिसमें अयोध्या जैसा माहौल भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा में शामिल हुए सभी लोगों ने बड़े ही धूमधाम से मनाया भगवान प्रभु राम की शोभायात्रा निकाली गई तमाम जगहों पर रामलाल की प्राण प्रतिष्ठा कोई के ऐतिहासिक रूप दिया गया।

# धुंध में जारी है परेड की तैयारी, गणतंत्र दिवस पर किया जाएगा मार्चपास्ट



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

इस गणतंत्र दिवस पर भी आपको राजपथ का नजारा देखने को मिलेगा। मंगलवार से एनसीसी कैडेट्स, स्कूलों के बैंड, स्काउट-गाइड ने इसकी तैयारी प्रारंभ की है। नगरपालिका ने इटारसी में विगत कुछ वर्ष पूर्व यह नई परंपरा शुरु की थी जो गणतंत्र दिवस समारोह में कुछ नया करने और शहर की सांस्कृतिक गतिविधियों को नई पहचान दिलाने की मंशा से प्रारंभ हुई थी। नपा ने तय किया था कि दिल्ली के राजपथ पर जिस तरह का कार्यक्रम होता है उसी तरह इटारसी में भी कार्यक्रम हो। इस वर्ष की पहली रिर्हसल एमजी मार्ग से गांधी मैदान तक आज सुबह की गई।

## कैसा होगा समारोह

गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह गांधी मैदान में सुबह 9 बजे झंडावंदन से प्रारंभ होगा। इससे पूर्व सुबह पुराने देना बैंक के पास पहली लाइन से मार्चपास्ट होगा।

जो पहले जयस्तंभ पहुंचेगा। यहां झंडावंदन, राष्ट्रध्वज को सलामी के बाद मार्चपास्ट गांधी मैदान पहुंचेगा। इसमें स्काउड-गाइड, एनसीसी कैडेट्स, विभिन्न स्कूलों के बैंड के अलावा स्वच्छता से संबंधित और अन्य झांकियां भी रहेंगी।

# राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस को लेकर बैठक आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी पिपरिया शहर में एवं ग्रामीण क्षेत्रों में राष्ट्रीय पर्व का महोत्सव भी बड़े धूमधाम से मनाया जाता है। इस वर्ष भी बड़े ही धूमधाम से राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस 26 जनवरी को मनाने के लिए सीएम राइज स्कूल प्राचार्य संजीव दुबे की उपस्थिति में बैठक आयोजित हुई। इस अवसर पर जिला निगरानी सदस्य अरविंद राय, विकासखंड शिक्षा अधिकारी एसएल रघुवंशी, बीआरसी प्रदीप शर्मा, कांग्रेस पार्षद हर्ष लता राजपूत एवं उप प्रचार अल्पना श्रीवास्तव सहित शिक्षक-शिक्षिका की उपस्थिति में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें उपस्थित जनप्रतिनिधियों के द्वारा कार्यक्रम का निरीक्षण किया गया। बच्चों को उत्साहित करते हुए 26 जनवरी के कार्यक्रम कार्य अल्सर किया गया। इस वर्ष सबसे अधिक झांकियां प्रस्तुत की जा रही है मुख्य रूप से कुछ बच्चों के द्वारा राजा राम की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर भी झांकी की तैयारी का संदेश दिया जा रहा है। सभी विभागों के द्वारा अलग-अलग अपने विभागों से संबंधित झांकियां भी प्रस्तुत की जाएगी।

# हॉट बाजार में फैली अव्यवस्था गंदा पानी, लगे हैं कचरे की ढेर

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर



जनपद क्षेत्र की बागरा मोहगांव एकमात्र ग्राम पंचायत है जो रेलवे स्टेशन से जुड़ी है बस स्टैंड रोड रेलवे स्टेशन के पास भी गंदा पानी सड़कों पर फैल रहा है यहां पर रविवार को हॉट बाजार लगता है। यहां आस-पास की दुकानदार विभिन्न प्रकार की दुकान लेकर आते लेकिन ग्राम पंचायत उनसे टैक्स तो वसूलती हैं लेकिन सुविधाओं के नाम पर कुछ नहीं है। गंदगी में बैठकर उन्हें व्यवसाय करना पड़ता है जगह-जगह गंदा पानी फैल रहा है। कचरे के ढेर लगे वही दुकानदार देवीलाल में बताया पहले ग्राम पंचायत का ठेका था तो हम ठेकेदार से कहते थे गंदगी दूर हो जाती थी लेकिन अब ग्राम पंचायत ज्यादा खुद टैक्स वसूल रही है। लेकिन साफ-सफाई पर ग्राम पंचायत का ध्यान नहीं है। बैठक बाजार नीलामी क्यों नहीं किया गया। इस संबंध में सरपंच और सचिव से बात करनी चाहि तब उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया।

# एसडीएम कार्यालय में हर हफ्ते होगी जनसुनवाई, समस्या का होगा समाधान

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कार्यालय के सभागार में अब हर हफ्ते मंगलवार को जनसुनवाई नियमित रूप से होगी। यहां आने वाले आवेदन और समस्याओं का त्वरित निराकरण भी कराया जाएगा ताकि जिला मुख्यालय पर होने वाली जनसुनवाई पर भार न बढ़े। यह बात आज यहां जनसुनवाई के बाद एसडीओ रेवेन्यू टी प्रतीक राव ने मीडिया से कही। उन्होंने बताया कि अब नियमित जनसुनवाई होगी जिसमें सभी विभागों के प्रमुखों को शामिल किया जाएगा। आज भी नगर पालिका सीएमओ रितु मेहरा, महिला बाल विकास विभाग से योगेश घाघरे, राजस्व से स्वयं श्री राव और तहसीलदार सुनीता साहनी सहित अन्य विभाग प्रमुख मौजूद थे।



मंगलवार की जनसुनवाई में विभिन्न विभागों से संबंधित 12 आवेदकों ने अपनी-अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन सौंपकर उनके निराकरण की मांग की थी। इनमें से करीब पांच आवेदन का निराकरण मौके पर ही किया गया, शेष को संबंधित विभागों को पत्र के साथ प्रेषित कर दिया है, ताकि उनका समय सीमा में निराकरण किया जा सके। एसडीओ राजस्व टी प्रतीक राव ने समस्त विभागों को निर्देश दिये हैं कि वे जनसुनवाई में आने वाले आवेदनों का त्वरित निराकरण करें ताकि लोगों को जिला मुख्यालय नहीं जाना पड़े।

# कार सेवक का किया शाल श्रीफल से अभिनंदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेमरीहरचंद



स्टेशन रोड स्थित सर्वेश्वरी देवी धाम पर ग्राम जमुनिया निवासी नंदकिशोर पटेल जिन्होंने 6 दिसंबर 1992 को राम मंदिर निर्माण के लिए चल रहे कार सेवा अभियान में भाग लिया एवं उत्तर प्रदेश की जेल में 7 दिन तक रहे कार सेवक नंदकिशोर पटेल पूछने पर उन्होंने बताया कि 6 दिसंबर 1992 की कार सेवा में विकासखंड सोहागपुर से सात राम भक्त गए थे। सुहागपुर से जबलपुर एवं जबलपुर से उत्तर प्रदेश के हनुमान पहुंचे। जहां उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया एवं उन्हें जेल में बंद कर दिया गया था 7 दिनों बाद उनकी रिहाई हुई थी राम जन्मभूमि के अभियान से जुड़कर स्वयं को आज गवर्नमेंट महसूस कर रहा हूं। क्योंकि आज मेरे जीते जी मेरी आंखों के सामने ही राम जन्मभूमि पर रामलला का भव्य मंदिर निर्माण हो रहा है और आज भगवान श्री राम का प्राण प्रतिष्ठा समारोह हम लाइव टेलीकास्ट के माध्यम से अपनी आंखों से देख पा रहे हैं। इस अवसर पर ग्राम वासियों ने पुष्प हार एवं शाल श्रीफल से कार सेवक को सम्मानित किया एवं उन्हें मिठाई खिलाई।

## माह जनवरी के लिए 48 किलो केरोसिन मिला

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जिले में माह जनवरी 2024 के लिए 48 किलों लीटर केरोसिन का आवंटन थोक डीलर एवं कंपनीवार प्राप्त हुआ है। उक्त प्राप्त केरोसिन का तहसीलवार एवं डीलरवार उपवंटन कर दिया गया है। जिला आपूर्ति नियंत्रक नर्मदापुरम ने उक्ताशय की जानकारी देते हुए थोक डीलर को निर्देशित किया है कि वे संबंधित तहसील में कार्यरत सेमी होलसेलर को आवंटित केरोसीन अनुसार केरोसिन वितरित करे तथा जो थोक डीलर सार्वजनिक वितरण प्रणाली अंतर्गत संचालित उचित मूल्य दुकान में सीधे केरोसिन वितरण करते है। वे सीधे उचित मूल्य दुकान में वितरित करे। केरोसिन का वितरण शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में माह जनवरी 2024 के लिए अन्योदय अन्न योजना के तहत 2 लीटर के मान से क कलेक्टर द्वारा निर्धारित दर से वितरण कराना सुनिश्चित करे।

# आकस्मिक निरीक्षण के दौरान अधिवक्ता प्रतिनिधि मंडल ने कलेक्टर को बताई समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

कलेक्टर सोनिया मीना मंगलवार को आकस्मिक निरीक्षण में तहसील कार्यालय आई थी। अधिवक्ताओं ने उनसे मिलकर समस्याओं के निराकरण की मांग की अधिवक्ताओं ने बताया अनुरोधवली अधिकारी प्रति मंगलवार को कैंप के माध्यम से प्रकरणों की सुनवाई करते थे विधानसभा चुनाव के बाद से एसडीएम कोर्ट नहीं लगाई जा रही है।



वहीं धारा 115 के राजस्व सुधार वाले प्रकरण की जानकारी पक्षकारों एवं वकीलों को ना ही तहसील कार्यालय से प्राप्त होती है न ही अनुविभागीय अधिकारी महोदय के यहां से प्राप्त हो रही है। जिसमें पक्षकारों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अधिवक्ताओं के प्रतिनिधि मंडल में वरिष्ठ अधिवक्ता शिवाकांत तिवारी, अयोध्या प्रसाद बैरागी, विजय दुबे, रामलाल साहू एवं अन्य अधिवक्ता मौजूद रहे।

### पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय एसपीएम में हुआ कार्यक्रम

# परीक्षा पे चर्चा चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

मंगलवार को परीक्षा-पे चर्चा एवं नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती उपलक्ष्य में पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय में चित्रकला प्रतियोगिता का शुभारंभ अतिरिक्त मुख्य न्यायाधीश नर्मदा पुरम आरती शुक्ला एवं अनंत तिवारी डिफेंस काउंसलर तथा राजेश साहू प्राचार्य केन्द्रीय विद्यालय एसपीएम द्वारा दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ किया गया।

आयोजित प्रतियोगिता में केंद्रीय विद्यालय एसपीएम, केंद्रीय विद्यालय ऑर्डनेंस फैक्ट्री इटारसी, जवाहर नवोदय विद्यालय, एमपी बोर्ड एवं सीबीएसई बोर्ड के विद्यालयों की ओर से लगभग 100 छात्रों ने अपनी कलाकृति का हुनर प्रस्तुत करते हुए *परीक्षा पे चर्चा एवं नेताजी सुभाष चंद्र बोस एवं उनका जीवन विषय पर चित्र बनाये। कार्यक्रम में निर्णायक के रूप में अशोक जमनानी (लेखक एवं साहित्यकार), चित्रकारी में ग्रैंड मास्टर के नाम से प्रसिद्ध डॉ अजय कुमार निगम तथा पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय नर्मदापुरम की कला शिक्षिका गरिमा पाठक रही। निर्णायक मंडल द्वारा स्मिता शर्मा सर्वाइट कान्वेंट स्कूल, खुशी प्रजापति सेमी रिटर्न सीनियर सेकेंडरी स्कूल, विकास लोधी कृष्णा करियर कन्वेंट स्कूल, सौम्या गौर केंद्रीय विद्यालय एस पी एम तथा संजना मालवीय जवाहर नवोदय विद्यालय के छात्र-छात्राओं को विजेताओं के रूप में चयनित किया गया। उपस्थित निर्णायक गणों ने सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार प्रदान किया तथा सभी की चित्रकार एवं कला की भूरि भूरि प्रशंसा की।



खबर संक्षेप

### डंपर ने मारी टक्कर बाइक सवार घायल

**हरदा।** इंदौर-बैतूल नेशनल हाइवे पर मंगलवार को ग्राम खिड़कीवाला के पास एक तेज रफ्तार डंपर ने बाइक सवार व्यक्ति को टक्कर मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। जिसे जिला अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद भोपाल रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार मूल रूप से खिरकिया तहसील के अंतर्गत आने वाले ग्राम मोरगढ़ी के पास के ग्राम सेमल्या का रहने वाला सुनील पिता भैया लाल कोरकू उम्र (40) साल जो कि ग्राम चारखेड़ा के किसी किसान के खेत पर पानी देने का काम करता है। वह मंगलवार सुबह करीब साढ़े ग्यारह बजे बाइक से बाजार से सामान खरीदने के लिए हरदा आ रहा था। इस दौरान उसकी बाइक को सामने से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसके बाद उसे एम्बुलेंस से जिला अस्पताल लाया गया। हालांकि सिर व पैरों में गंभीर चोट आने के चलते डॉक्टर्स ने उसे भोपाल रेफर कर दिया।

### वाहन की टक्कर से युवक घायल

**हरदा।** सोमवार रात 8 बजे बाइक से अपने गांव लौट रहे एक व्यक्ति को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिसके चलते उसे चेहरे और पैरों में गम्भीर चोट लगी है। जिसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मिली जानकारी के अनुसार देवास जिले की खातेगांव तहसील के अंतर्गत आने वाले ग्राम बेलखा निवासी रामनिवास पिता श्रीराम कुमरे अपनी बाइक से किसी काम के लिए खातेगांव गया था। वहां से वापस लौटने के दौरान रात आठ बजे के आसपास जब वह अपने गांव लौट रहा था। इस दौरान उसकी बाइक को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे वह बाइक से नीचे गिर गया। दुर्घटना में उसके चेहरे व पैरों में गम्भीर चोट आने से वह बेहोश हो गया। राहगीरों ने इस दौरान पुलिस को सूचना दी गई। जिसके बाद उसे खातेगांव अस्पताल लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे हरदा जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जहां सर्जिकल वार्ड में उसका उपचार जारी है।

### भारत पर्व कार्यक्रम आयोजित होगा

**हरदा।** गणतंत्र दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसी क्रम में लोकतंत्र का लोकोत्सव भारत पर्व 26 जनवरी की शाम को आयोजित होगा। कार्यक्रम में संस्कृति विभाग द्वारा राज्य स्तर से भेजे गये कलाकारों के दल अपनी प्रस्तुति देंगे। इनमें मो. सैयद नासिर हुसैन एवं साथियों द्वारा कव्वाली और दुर्गा एवं साथियों द्वारा भगोरिया आदिवासी लोकनृत्य प्रस्तुत किया जाएगा।

### फुल ड्रेस रिहर्सल आज

**हरदा।** जिले में गणतंत्र दिवस समारोह को पूरी गरिमा और हर्षाल्लास से मनाया जाएगा। गणतंत्र दिवस समारोह पर आयोजित कार्यक्रम की व्यापक तैयारियां जिले में जारी हैं। समारोह की तैयारियों की फुल ड्रेस रिहर्सल बुधवार को 9 बजे से नेहरू स्टेडियम में की जाएगी। कलेक्टर ऋषि गर्ग ने सभी संबंधित अधिकारियों को इस दौरान मौजूद रहने के निर्देश दिए हैं।

### राजमहल में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा का उत्सव धूमधाम से मनाया

**ओंकारेश्वर।** सोमवार को मांधाता ओंकारेश्वर में स्थित राजमहल में पुरातन राम मंदिर है। 500 वर्ष पूर्व जब राजमहल का निर्माण हुआ था तब राम मंदिर की स्थापना के बाद राजमहल का निर्माण कार्य शुरू हुआ था। राजमहल में स्थित राम मंदिर में राजपरिवार की परंपरा अनुसार राम दरबार के विग्रह का तथा सैकड़ो वर्ष पुराने चांदी की शिव प्रतिमा का अभिषेक पूजन धूमधाम से मनाया गया। उक्त जानकारी देते हुए राज परिवार के राव जितेंद्र सिंह ने बताया कि 500 वर्ष के इंतजार के बाद अयोध्या में जो भव्य आयोजन हुआ है। उसी से प्रेरित होकर हमारे राज परिवार ने महल में स्थित सैकड़ो वर्ष पूर्व स्थित राम मंदिर में पंडित अशोक दुबे के आचार्यत्व में 11 ब्राह्मण के साथ विधि विधान से राम दरबार का पूजन अभिषेक के साथ में अत्यंत प्राचीन चांदी की शिव प्रतिमा का भी रुद्राभिषेक संपन्न कराया।

## एसडीएम को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपकर विरोध जताया, नारेबाजी की

# राहुल गांधी की न्याय यात्रा रोकी, कांग्रेसियों का धरना बोले- जनता की दबा रहे आवाज



हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरगोन

असम में कांग्रेस नेता राहुल गांधी की यात्रा रोकने को लेकर कांग्रेसियों ने विरोध प्रदर्शन किया। मंगलवार को दोपहर 1 बजे टीआईटी कॉम्पलेक्स परिसर में धरना सभा हुई। वक्ताओं ने केंद्र व असम सरकार को जमकर कोसा। रैली में नारेबाजी की गई। धरना सभा में जिला कांग्रेस अध्यक्ष रवि नाईक ने कहा कि मणिपुर में ही नहीं पूरे देश में महिलाओं, बेरोजगारों, किसान, कर्मचारियों को न्याय की जरूरत है। जब चुनाव आता है तो जमीनी मुद्दे से सरकार भटकाने का प्रयास करती है। जाति धर्म के नाम पर वोट मांग कर बरगलाया जा रहा है।

न्याय यात्रा को असम में शहर से बाहर कर दिया गया। राहुल गांधी से जनता मिलना चाहती है। उनसे बात करना चाहती है लेकिन उनकी आवाज को दबाया जा रहा है। सभा को संजय गांगुली, डॉ डीएस सोलंकी, विजय कोचले, अयाज खान, भरत रघुवंशी, रियाज शेख आदि ने भी संबोधित किया। संचालक प्रकाश मंडलोई ने किया। धरनास्थल से पुराने कलेक्ट्रेट स्थित एसडीएम कार्यालय तक रैली निकाली गई। कांग्रेसियों ने केंद्र व असम सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। एसडीएम भास्कर गाचले को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपकर विरोध जताया गया। भगवानपुरा विधायक केदार डाबर सहित कई कांग्रेसी मौजूद थे।

### आवाज दबाई तो कोई सरकार रोक नहीं पाएगी : रवि जोशी

पूर्व खरगोन विधायक रवि जोशी ने कहा कि जनता की आवाज को दबाया जा रहा है। इसकी कांग्रेस निंदा करती है। राहुल गांधी न्याय की बात कर रहे हैं। गरीब, दलित, आदिवासी, पिछड़ा, किसान, नौजवान, महिला की आवाज दवाई जा रही है। यदि उनकी आवाज को दबाने की कोशिश की जाएगी तो देश में ऐसी कोई सरकार नहीं है जो न्याय यात्रा को रोक पाएगी। मध्य प्रदेश में पिछली बार यात्रा में हम लोग दो दिन रहे थे। लेकिन इस बार मध्य प्रदेश में 3 दिन या 7 दिन रहेंगे।

## भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर हुए हमले को लेकर कांग्रेसियों का मौन धरना



**हरदा।** मंगलवार को शहर के घंटाघर चौक पर भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर हुए हमले को लेकर कांग्रेसियों ने मौन धरना देकर विरोध प्रदर्शन किया है। लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस एक बार फिर भारत जोड़ो न्याय यात्रा निकली जा रही है। यात्रा वर्तमान में पूर्वोत्तर भारत में है। मणिपुर से निकली यह यात्रा अभी असम में है। जहां कुछ असामाजिक तत्वों ने राहुल गांधी के काफिले पर हमला कर दिया था। अब इस हमले के खिलाफ कांग्रेस विरोध प्रदर्शन में जुट गई है। मौन धरने पर बैठे कांग्रेस विधायक डॉ आरके दोगने ने कहा कि हमारे नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर भाजपा शासित राज्य असम में असामाजिक तत्वों ने पथराव कर यात्रा को रोकने का प्रयास किया है। उनका आरोप है कि राहुल गांधी की यात्रा पर भाजपा द्वारा सुनियोजित ढंग से हमला कराया गया है, जिसके विरोध में पूरे प्रदेश सहित हरदा में भी विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी इस यात्रा के माध्यम से महिलाओं, युवाओं और समाज के अन्य वंचित वर्गों के हितों की वकालत कर रहे हैं। उन्होंने बिना किसी अप्रिय घटना के तीन राज्यों मणिपुर, नागालैंड और अरुणाचल प्रदेश को शांतिपूर्ण ढंग से कवर किया है, लेकिन असम राज्य में हिमंत बिस्वा सरमा के नेतृत्व वाली बीजेपी सरकार यात्रा को रोकने के लिए हर संभव कोशिश कर रही है। उन्होंने बिस्वा सरकार से यात्रा को सुरक्षा प्रदान करने की मांग की है।

## सरस्वती शिशु मंदिर में बन रहे अतिरिक्त कक्ष का भूमिपूजन



**खंडवा।** लोकसभा सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल और राज्यसभा सदस्य सांसद सुमर सिंह ने मंगलवार को आनंदपुर खैगांव पहुंचकर सरस्वती शिशु मंदिर में 10 लाख रुपये की लागत से बनने वाले अतिरिक्त कक्ष के भूमिपूजन के बाद कार्यक्रम को संबोधित किया। पूरे देश के साथ ही खंडवा जिले में भी सरस्वती शिशु मंदिर के माध्यम से छात्र छात्राएं धर्म संस्कार और उच्च शिक्षा प्राप्त कर बड़े-बड़े पदों पर पहुंचे हैं।

इन शिशु मंदिरों में प्राचार्य द्वारा उच्च शिक्षा के साथ धर्म एवं संस्कार की शिक्षा की प्रदान की जाती है जिससे छात्र छात्राओं का जीवन उज्जवल हो रहा है। भूमि पूजन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल ने कहां की बच्चों को उच्च शिक्षा के साथ धर्म और और संस्कारों की आवश्यकता है जो सरस्वती शिशु मंदिर में बच्चों को प्राप्त होती है, सरस्वती शिशु मंदिर में पढकर भाई बहन अच्छे अच्छे पदों पर बैठकर भी संस्कारवान है। राज्यसभा सदस्य सुमर सिंह ने भी अपनी शुभकामना देते हुए कहा कि आज बच्चों को अच्छी शिक्षा के साथ धर्म और संस्कृति का पाठ पढ़ने की आवश्यकता है, ताकि बच्चे संस्कारित हो सके, छात्र-छात्राओं के पालक प्रथम गुरु है। बच्चों को शुरू से संस्कार प्रदान किए जाने की आवश्यकता है। भूमि पूजन एवं अभिभावक सम्मेलन के इस कार्यक्रम में संसाधन सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल राज्यसभा सदस्य समर सिंह अखिल भारतीय शिक्षण संस्थान सह. संगठन मंत्री मान. श्रीरामअरावकर, विद्या भारती मालवा संगठन मंत्री अखिलेश मिश्र, सेवा दास पटेल, विधायक छाया मोरे, कंचन मुकेश तनवे, सचिन बिरला स्थानीय जनप्रतिनिधि व ग्राम के गणमान्यजन उपस्थित थे।

### टीकाकरण के संबंध में एएनएम का प्रशिक्षण प्रारंभ

**खंडवा।** नियमित टीकाकरण का दो दिवसीय प्रशिक्षण मंगलवार से ग्रेंड होटल में स्वास्थ्य कार्यकता को दिया जा रहा हैं। इस दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ओपी जुगतावत ने बताया गया कि नियमित टीकाकरण में कोई भी बच्चा छूटे ना इस लिए सूक्ष्म कार्ययोजना बनाकर कार्य करें। सभी के पास बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं की ड्यूलिस्ट बनाकर अपने पास रखे ताकि उनको टीकाकरण दिन के मंगलवार एवं शुकवार को टीकाकरण के लिए बुलाया जा सकें। प्रशिक्षण में जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. अंनिल तंतवार एसएमओ, डॉ. राहुल कामले द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान स्वास्थ्य कार्यकर्ता को संचार कार्ययोजना, टीकाकरण के दौरान निकलने वाले वेस्ट मटेरियल का निष्पादन कैसा किया जावें, इस संबंध में विस्तार से प्रशिक्षण दिया जा रहा है।



## स्कूली बच्चों को पक्षी दर्शन, नेचर ट्रेल पर प्रकृति की व्याख्या बताई

**रहटगांव।** मध्य प्रदेश शासन वन विभाग वन परिक्षेत्र मगरधा सामान्य वनमंडल हरदा सामान्य द्वारा वनग्राम बड़झिरी में अशासकीय स्कूल के लिए अनुभूति कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें रेड फ्लावर हायर सेकेंडरी स्कूल नकवाड़ा के लगभग 150 विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने हिस्सा लिया। विद्यार्थियों ने वन विभाग के अधिकारियों एवं अनुभूति प्रेरकों के सानिध्य में वन भ्रमण करते हुए पक्षी दर्शन, नेचर ट्रेल पर प्रकृति की व्याख्या जैसे कार्यक्रम के माध्यम से अनेक प्रकार के पेड़ पौधों, जड़ी बूटियों, पक्षियों एवं वन्य प्राणियों के बारे में जानकारी प्राप्त की।

वन परिक्षेत्र मगरधा से यात्रा के दौरान भोमका बाबा के पास काली माचक नदी के किनारे सर्वप्रथम पक्षी दर्शन किया। आगे होरियाटोली की पहाड़ी पर पैदल चलकर नेचर ट्रेल में प्रकृति व्याख्या के बारे में जानकारी प्राप्त की। प्रकृति व्याख्या उपरांत मुख्य कार्यक्रम वनग्राम बड़झिरी में आयोजित हुआ जिसमें चित्रकला प्रतियोगिता, निबंध लेखन, जड़ी बूटी पहचाना, पेपर से बाघ बनाना, कपड़े से बहु उपयोगी बैग बनाना आदि गतिविधियों में भाग लेकर विद्यार्थियों ने पुरस्कार प्राप्त किये। विद्यार्थियों द्वारा मैं भी बाघ थीम पर गीत गाया गया और वन एवं वन्यप्राणियों के संरक्षण की शपथ ली। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रामविलास कास्डे सरपंच ग्राम पंचायत बड़झिरी, राम उईके अध्यक्ष वन सुरक्षा समिति बड़झिरी एवं ओमप्रकाश बिडारे उप वनमंडल अधिकारी दक्षिण हरदा सामान्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अनुभूति प्रेरक के रूप में हरिओम सोलंकी, रामविलास रघुवंशी, पुरुषोत्तम पट्टा एवं राजेंद्र बांके उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन मुकेश रघुवंशी वन परिक्षेत्र अधिकारी मगरधा सामान्य द्वारा किया गया। वन परिक्षेत्र मगरधा सामान्य से श्री लक्ष्मीनारायण गोंड, जोहन सिंह परते, तालिब मेमन, केवल राम ठाकुर, देवेंद्र राजपूत एवं समस्त वन अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।


## जनसुनवाई में कलेक्टर ने सुनी नागरिकों की समस्याएं, निराकरण के दिए निर्देश

### जनसुनवाई में नीतेश वासुदेव को मिली निःशुल्क बैशाखी

**खंडवा।** शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक मंगलवार को जनसुनवाई कार्यक्रम के तहत नागरिकों की शासकीय कार्यालयों से संबंधित समस्याओं का निराकरण अधिकारियों द्वारा किया जाता है। इसी क्रम में कलेक्टर अनूप कुमार सिंह ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में अपनी समस्याओं के आवेदन लेकर आए विभिन्न नागरिकों की समस्याएं सुनी और उनके त्वरित निराकरण के लिए मौके पर उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए।



जनसुनवाई में नीतेश वासुदेव निवासी बलदुआ डोंगरी ने आवेदन देकर बैशाखी की मांग की गई, जिस पर सामाजिक न्याय एवं निःशक्तजन कल्याण विभाग द्वारा नीतेश को मौके पर ही बैशाखी उपलब्ध कराई गई। नीतेश को निःशुल्क बैशाखी मिलने पर जिला प्रशासन को धन्यवाद ज्ञापित किया। जनसुनवाई में ग्राम कोलगांव एवं ग्राम सिरसौद के किसानों ने कलेक्टर सिंह को आवेदन देकर गेंहू की फसल का सर्वे कर मुआवजा दिलाने का अनुरोध किया, जिस पर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारी को सर्वे दल गठित कर जांच करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में मुख्य कार्यपालन अधिकारी शैलेन्द्र सिंह सोलंकी, अपर कलेक्टर केआर बड़ोले, संयुक्त कलेक्टर अंशु जावला एवं शंकरलाल सोलंकी सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारीगण मौजूद थे।



## 11 हजार दीपों से जगमगाया ज्योतिनगर, आतिशबाजी की

### जय श्रीराम व स्वास्तिक की आकृति बनाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरगोन

गत दिवस अयोध्या में हुई रामलला प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव शहर के ज्योतिनगर में भी बड़ी उत्साह मनाया गया। इस दौरान नगर 11 हजार दीपों से जगमगा उठा यहां राम दीपावली मनाई गई। यहां ज्योतेश्वर महादेव मंदिर परिसर में रात 11 हजार दीपों से जगमगा उठा। दीपों से जय श्री राम स्वास्तिक के चिन्ह बनाए गए। राम दीपावली पर आतिशबाजी की गई। यहां दोपहर करीब 12:30 बजे राम दरबार विराजित कर सामूहिक महा आरती भी की गई। इंजीनियर नितिन मालवीय ने बताया कि प्रभु श्रीराम के वनवास के तो करीब 14 साल थे। उनके जन्म स्थान में विराजित होने में उन्हें 500 साल का लंबा अरसा लगा है। इस लंबे इंतजार का फल अब सभी सनातनियों को मिल रहा है, तो इसका उत्साह भी बड़ा होना चाहिए। इसी के निमित्त कॉलोनी में रामभक्ति आधारित कार्यक्रम किए गए।

## ग्रामीणों का आरोप बिना अनुमति काट रहे जंगल

**हरदा।** मंगलवार को जिले की टिमरनी तहसील के अंतर्गत आने वाले ग्राम राजाबरारी के ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर कलेक्टर के नाम ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर संजीव कुमार नागू को सौंपा। दो दर्जन से अधिक ग्रामीणों के साथ कलेक्ट्रेट पहुंची राजाबरारी की सरपंच मनोरमा बाई ने बताया कि ग्राम राजाबरारी, महगांव, सलाई व रातामाटी में राधा स्वामी संस्था द्वारा बिना अनुमति के जंगलों की कटाई शुरू कर दी गई है। उन जंगलों पर राधा स्वामी संस्था से ज्यादा वनवासियों का अधिकार होना चाहिए। संस्था के अधिकारियों द्वारा ग्रामीणों को किसी प्रकार का लाभांश नही दिया जा रहा। उन्होंने कलेक्टर से क्षेत्र में हो रही पेड़ों की कटाई पर रोक लगाने या जो लाभांश राशि है वह ग्रामीण को प्रदान की जाए। इस मामले को लेकर डिप्टी कलेक्टर नागू ने जांच के बाद उचित कार्यवाही करने की बात कही है। इस मामले को लेकर राधा स्वामी संस्था के अधिकारियों का कहना है कि दो सालों से पेड़ों की कटाई नही हुई थी, जिसके लिए वन विभाग से परमिशन लेने के बाद ही कटाई शुरू हुई है। उनका कहना है कि शायद ग्रामीणों को गलतफहमी हुई होगी। हमारे पास वन विभाग की कटाई के दस्तावेज हैं।

## एसडीएम ने समस्याओं को सुना और तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए

# जनसुनवाई में आए 35 आवेदन, सबसे ज्यादा आवास के मामले आए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरगोन

मंगलवार को हुई जनसुनवाई में 35 आवेदक पहुंचे। इसमें सबसे ज्यादा समस्याएं ग्राम पंचायत व पीएम आवास से थी। इस दौरान एसडीएम जेएस बघेल व विभागीय अफसरों ने समस्याओं को सुना और तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। जनसुनवाई में मागरूल निवासी उदयसिंह सालवे ने शिकायत की कि गांव के महेंद्र सालवे व शीला बाई सालवे ने आम रास्ते पर पत्थर व मिट्टी रखकर रोक दिया है। लोगों को परेशानी हो रही है। बड़वाह के नांदिया निवासी बलिराम कहार ने शिकायत में बताया सरपंच व सचिव ने नोटिस देकर मकान हटाने कहा है। जबकि उस जमीन पर और लोगों के मकान बने हुए हैं।पंचायत में 5 हजार का अर्थदंड भी दिया। इसके बाद भी अतिक्रमण हटाने का नोटिस दे दिया। कसरावद तहसील के उटावद निवासी हेमराज यादव ने शिकायत



में बताया पिता घिसीलाल यादव की मृत्यु 14 मई 2023 को हो गई। सभी दस्तावेज पंचायत में जमा करा दिए हालांकि संबल योजना का लाभ नहीं मिला।

### जांच तक पंचायत सचिव व बीडीओ को हटाने की मांग

*जिले की ग्राम पंचायत सेगांव के लोगों ने सचिव व खण्ड पंचायत अधिकारी को जिला पंचायत द्वारा ग्राम पंचायत की जा रही जांच को देखते हुए सचिव व ब्लॉक डेवलपमेंट ऑफिसर को हटाने की मांग की, ताकि जांच को प्रभावित ना कर सके। बड़वाह नगर के वार्ड 4 निवासी पार्वती बाई तंवर ने शिकायत में कहा- नगर पालिका ने प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत किया है। आवास 10 फीट की ऊंचाई तक हो चुका है। अब आवास बनाने से रोक रहे हैं। दूसरी किस्त के लिए जीयो टैग करने से मना कर रहे हैं।*

## जनसुनवाई कार्यक्रम में नागरिकों की समस्याएं सुनी



**हरदा।** प्रत्येक मंगलवार की तरह जिला पंचायत के सभा कक्ष में नागरिकों की समस्याएं अधिकारियों ने सुनी, और उनके निराकरण की कार्यवाही की गई। जनसुनवाई में जिला पंचायत के सीईओ रोहित सिसोनिया, अपर कलेक्टर डॉ. नागार्जुन बी. गौड़ा के साथ साथ संयुक्त कलेक्टर के. सी. परते सहित अन्य विभागीय अधिकारी भी मौजूद थे। कलेक्टर ऋषि गर्ग के निर्देश पर जनसुनवाई में जीवनम्-स्वास्थ्य शिविर का आयोजन भी किया गया। शिविर में अपर कलेक्टर डॉ. गौड़ा सहित अन्य अधिकारियों व नागरिकों ने अपनी स्वास्थ्य जांच कराई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एच.पी. सिंह ने बताया कि शिविर के दौरान जनसुनवाई में आये अधिकारी कर्मचारियों व नागरिकों की ब्लडप्रेशर, शुगर, एवं एच. बी. जांच की गई। शिविर में कुल 41 व्यक्तियो की स्क्रीनिंग की गई, जिसमे ब्लड प्रेशर के 14, शुगर के 5 मरीज पाये गये तथा 10 मरीजों में एचबी कम पाया गया।

### भूकंप रोधी मकान निर्माण के क्षेत्र में विभागीय इंजीनियर्स को दिया प्रशिक्षण

**हरदा।** गृह मंत्रालय के आपदा प्रबन्धन संस्थान भोपाल व जिला प्रशासन के सहयोग से मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष व शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में आपदा प्रबंधन विषय पर प्रशिक्षण दिया गया। आपदा प्रबंधन के संयुक्त संचालक डॉ. जॉर्ज व्ही. जोसेफ ने बताया कि यह प्रशिक्षण 24 जनवरी तक आयोजित किया जाएगा। कलेक्ट्रेट में सभी विभागीय इंजीनियर्स को भूकंप रोधी मकान निर्माण के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण में भूकम्प रोधी मकान निर्माण के लिये बिल्डिंग कोड के सभी प्रावधानों के संबंध प्रशिक्षण दिया जाएगा। डॉ. जॉर्ज ने बताया कि शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में आयोजित प्रशिक्षण में स्वयं सेवी संगठनों के प्रतिनिधियों को आपदा प्रबन्धन के क्षेत्र में समूदाय जागरूक करने तथा आपदा के समय उनके सहयोग के संबंध में प्रशिक्षण दिया जा रहा है।